पुनरावर्तन

प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(1) हमारे मन में कैसी भावना होनी चाहिए?

(2) हस्ताक्षर करने के बाद गाँधी जी ने क्या लिखा?

(3) हमें पुस्तकें क्यों पढ़नी चाहिए?

(4) समय और शक्ति की बचत कैसे होती है?

(5) खलीफ़ा ने हसन को अपने दरबार में क्यों बुलाया?

(6) देवेन्द्र ने भिखारी के लिए क्या किया?

प्रश्न 2. निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

जीवन में खेल बहुत जरूरी है। खेल से मनोरंजन मिलता है। हमारी तंदुरस्ती ठीक होती है। हम कभी बीमार नहीं पड़ते। रोज़ खेलने से खाया हुआ अन्न पच जाता है और शरीर में स्फूर्ति आती है। खेल हमारे सारे शरीर को मज़बूत बनाते हैं और हमारा दिमाग तेज़ करते हैं। जो लड़के नहीं खेलते वे आलसी और बीमार रहते हैं। खेलते समय हमें अपने साथियों का ख्याल रखना पड़ता है। उनसे हम खूब मिल-जुलकर खेलते हैं। जिससे हममें कई अच्छी आदतें आप ही आप आ जाती हैं। ये आदतें आगे जाकर हमारे लिए बड़ी लाभकारक होती है, इसलिए पढ़ाई के साथ-साथ खेल पर भी पूरा जोर देना चाहिए।

प्रश्न:

(1) जीवन में खेल क्यों जरूरी है?

(2) खेल के अभाव में क्या होता है?

(3) पढ़ाई के साथ खेल पर जोर देना चाहिए? क्यों?

(4) परिच्छेद का योग्य शीर्षक दीजिए।

प्रश्न 3. निम्नलिखित विषय पर अपने विचार लिखिए :

(1) विज्ञान का महत्त्व (2) देवेन्द्र की मानवता (3) हसन का सच्चा न्याय

प्रश्न 4. अपने मित्र को जन्मदिन की बधाई देता हुआ पत्र लिखिए।

प्रश्न 5. कहावतों का अर्थ लिखिए :

(1) उलटा चोर कोतवाल को डाँटे

(2) आसमान से गिरा खजूर में अटका

(3) जैसी करनी वैसी भरनी

प्रश्न 6. निम्नांकित चित्रों को देखकर कहानी का निर्माण कीजिए :

प्रश्न 7. आप हररोज जो क्रियाएँ करते हैं, उनकी सूची बनाकर वाक्य लिखिए।

प्रश्न 8. निम्नलिखित परिच्छेद का मातृभाषा में अनुवाद कीजिए :

कुछ दिनों के बाद अली ख़्वाज़ा मक्का की यात्रा से वापस आया। घर में अपना सामान रखकर वह सीधा वाज़िद के घर गया और अपनी यात्रा की सारी बातें बताईं। फिर तेल का घड़ा लेकर वह घर आ गया। जब उसने घड़े का तेल निकालकर देखा तो उसके पैरों तले से ज़मीन ही खिसक गई। वह सिर पकड़कर बैठ गया, क्योंकि घड़े में एक भी सोने की मोहर नहीं थी। वह सोचने लगा, अब क्या किया जाए?

खेलें हम खेल

- **शिक्षक निम्नलिखित कोष्ठक के आधार पर कक्षा में खेल खेलवाएँगे। यह खेल दो प्रकार से हो सकता है : (1) अंक आधारित खेल (2) वर्ण आधारित खेल।**

- **समानार्थी शब्द बनाना**

(1) वसुधा
(2) पथ
(3) मधुबन
(4) गगन
(5) बरकत
(6) आनंद
(7) निशा
(8) शान
(9) पुष्प
(10) सूरज
(11) पक्षी
(12) आदमी
(13) आँख
(14) ईश्वर
(15) पानी

1 अ	5 म	7 द
4 क	6 ज	2 ड
0 त	3 र	8 ल

- **लिंग बदलना**

(1) सेवक
(2) अभिनेता
(3) कवि
(4) लेखक
(5) नाई
(6) प्रज्ञावान
(7) मोर
(8) इन्द्राणी
(9) आचार्य
(10) नर
(11) वर
(12) भगवान
(13) पुजारी
(14) सेठानी
(15) मालिक

- **विरोधी शब्द बनाना**

(1) आदर (5) सुंदर
(2) जीवन (6) विश्वास
(3) अंधकार (7) सार्थक
(4) मान (8) नूतन

- **वचन परिवर्तन करना**

(1) पुस्तक (5) सड़क
(2) लता (6) बेटा
(3) गुरु (7) आँख
(4) स्त्री (8) कपड़ा

- **यह खेल खेलने के लिए पासा आवश्यक है।**

(1) पासा फेंकने पर मिलनेवाले दो अंकों को जोड़कर जो अंक मिलेगा उस क्रम में दिए हुए शब्द का समानार्थी शब्द छात्र को देना होगा। (इसी प्रकार लिंग परिवर्तन के लिए खेल खेलें।)

पासा फेंकने पर मिलनेवाले दो अंकों के अन्तर से जो अंक मिलता है, उस अंक पर दिए गए शब्द का विरोधी शब्द देना होगा। (इसी प्रकार वचन परिवर्तन के लिए खेल खेलें।)

(2) पासा फेंकने पर मिलनेवाले दो वर्ण के उपयोग से तीन/चार वर्णों से बननेवाले अर्थपूर्ण शब्द बनाइए। जैसे ज – ल = जल, जलज, जलपान, बिजली, बजरंगबली...।

सूचना : • शिक्षक शब्द बदलकर नये शब्दों के लिए भी खेल खेला सकते हैं।

• इस प्रकार पाये जाने वाले वर्ण लेकर विभिन्न प्रकार के शब्द बनवा सकते हैं :

जैसे कि – घर की चीज–वस्तुएँ
– पाठशाला की वस्तुएँ
– वैज्ञानिक उपकरण
– संचार के साधन
– यातायात के साधन
– पशु–पक्षी के नाम

स्व–अध्ययन

- इस पहेली में यातायात के ग्यारह साधनों के नाम छिपे हैं । बताओ तो जानें ।



स्व-लेखन

- दूरदर्शन के अपने सब से मनपसंद कार्यक्रम के बारे में लिखिए ।

स्व-लेखन

- आपने कक्षा या मैदान में खेले हुए कोई एक खेल के बारे में लिखिए ।

स्व-लेखन

- आपने सुने हुए मज़ेदार चुटकुले लिखिए ।

◆ ◆ ◆